# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-168 | सागवाड़ा, रविवार,20 फरवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


### परिवार शादी में गया, चोरों ने पीछे से सुने मकान के ताले तोड़कर

## 60 हजार कैश, चांदी के 5 सिक्के किये चोरी

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानांतर्गत डूंगरपुर शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरों ने एक सुने मकान में जमकर धमाल मचाई। चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर कैश ओर चांदी के सिक्के चोरी कर ले गया। घटना के वक्त परिवार के लोग गुजरात के ईडर में शादी में गए थे।

कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर। में चोरी की वारदात हुई है। उन्होंने बताया कि पृथ्वीसिंह चौहान पुत्र तेजसिंह चौहान का परिवार कल शनिवार सुबह गुजरात के ईडर में अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में गया था। पृथ्वीसिंह बहरीन में नोकरी करते है। भांजा भव्यराजसिंह अपने दोस्त नयन यादव के घर पढ़ाई करने गया था। घर पर ताला लगा हुआ था। शनिवार रात के समय चोरो ने घर के ताले तोड़ दिए और अंदर घुसे। घटना का पता आज रविवार सुबह कॉलोनी के लोगों को लगा । लोगो ने मकान के गेट का ताला टूटा देखा। जिस पर कॉलोनी वासियों ने मामले की सूचना पृथ्वीराज सिंह के परिवार को दी। सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार गुजरात से डूंगरपुर पहुंचा। इधर परिवार ने जब घर मे जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। वही तिजोरी का ताला भी टूटा हुआ था। चोर घर में तिजोरी खोलकर सामान बिखेर दिया। उसमें रखे 60 हजार रुपये कैश और चांदी के 5 सिक्के चोरी कर ले गए थे। इधर इसके बाद पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पंहुची ओर घटना की जानकारी ली।

इधर पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया वही पुलिस अब मामले में कॉलोनी में लगे सीसीटीवी का पता लगा रही है। वही पुलिस ने चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

## मैत्री क्रिकेट मैच में कृषि विभाग की टीम 18 रन से विजय रही



**सागवाड़ा।** शहर के पुनर्वास कॉलोनी विद्यालय मैदान में राजस्व विभाग और कृषि विभाग के बीच मैत्री क्रिकेट हुआ। प्रतियोगिता एकलव्य स्पोर्ट्स सागवाडा के तत्वावधान हुई। पटवारी हल्का सागवाड़ा विनय पुंजोत ने बताया कि समापन समरोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी राजीव द्विवेदी थे।

अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमेन नरेंद्र खोडनिया ने की जबकि विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष राजू मामा, ललित पंचाल व कृषि अधिकारी परेश पण्ड्या रहे। मैच में कृषि विभाग की टीम 18 रन से विजय रही। मैच में टॉस जीत कर कृषि विभाग ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। कृषि विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे 12 ओवर में 113 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसमे मनोज 28, राकेश 25 व कमलेश ने 23 रन का योगदान दिया। राजस्व विभाग की तरफ से मुकेश परमार ने 4 विकेट लिए। स्कोर का पीछा करते हुवे राजस्व टीम निर्धारित ओवर में 95 रन बना सकी । मैच के बेस्ट प्लेयर गिरदावर मुकेश परमार रहे। विजेता टीम एव बेस्ट प्लेयर को ट्रॉफी एकलव्य स्पोर्ट्स सागवाडा राजेश रोत की तरफ से प्रदान की गई। मैच के दौरान राजस्व विभाग से दिनकर, यशपाल ,राजेश, दिलीप ,मुकेश , धर्मेंद्र , ॠषि, विपिन एवम कृषि विभाग से राकेश, धर्मेश, यकीन , कमलेश एव मनोज सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

## बालिकाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली को समझाया

**सीमलवाड़ा।** राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय धंबोला की छात्राओं ने पुलिस थाना धम्बोला का निरीक्षण किया । सीमलवाड़ा ब्लाक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर ने बताया कि राबामावि धम्बोला की कक्षा 9 व 10 की 31 छात्राओं को थाना धम्बोला में भ्रमण करवाया साथ ही एसआई बंशीलाल पाटीदार, एएसआई प्रवीण सिंह एवं कॉन्स्टेबल हितेश पाटीदार ने बालिकाओ को बाल डेस्क ,महिला डेस्क, एफआईआर दर्ज करवाने वाला कम्प्यूटर कक्ष एवं कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी दी साथ ही स्पर्श, अस्पर्श के बारे में बताया । बालिकाओ के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओ से बचने के लिए सेल्फ डिफेन्स के बारे में हथियार के बारे में पूरी तरह से जानकारियां दी। हथियार कैसे चलाए जाते है इसके बारे में बताया । स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेखा पुरोहित, शारीरिक शिक्षक रेखा पंड्या एवं स्टाफ से अल्पेश कुमार कलाल, शांतिलाल पाटीदार ने थाना में भ्रमण हेतु बालिकाओ के साथ मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज की पहली क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**सागवाड़ा।** शहर के महिपाल खेल मैदान में मुस्लिम समाज की पहली क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया थे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष राजु मामा शेख़ ने की। विशिष्ट अतिथि ललित पंचाल, पार्षद इंद्रजीत मकवाणा तथा फारुख लखारा थे। आयोजक अफज़ल लखारा ने बताया की सागवाड़ा में इस तरह की मुस्लिम समाज की यह पहली प्रतियोगिता है।

इस प्रतियोगिता में डूंगरपुर सागवाड़ा गलियाकोट सहित कई अन्य जगहों से मुस्लिम समाज की कुल 8 टीमे हिस्सा ले रही है। हर शनिवार और रविवार को प्रतियोगिता के मैच होंगे। रविवार को अनवर इलेवन एवं चलह्र क्लब के बीच पहला मैच खेला गया। नगरपालिका अध्यक्ष खोडनिया ने सिक्का उछालकर टॉस किया। जिसमे द्मद्दठ्ठ क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

इसी तरह प्रतियोगिता का दूसरा मैच रॉयल स्टार एवं मीम बादशाह के बीच खेला जाएगा। संचालन शेख़ राजु भाई बर्तन वाला ने किया तथा आभार आयोजन मंडल से जुड़े अफज़ल लखारा, मोहिन खान, लक्की पठान, सोहेल पठान एवं वसीम खान ने जताया।

## राजस्थान के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान के मौसम में एक बार फिर बदलाव का दौर शुरू हो गया है। फरवरी शुरू होने के साथ धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होने लगी थी, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के साथ ही राजस्थान में सर्दी का असर फिर से बढ़ने लगा है। इसकी वजह से प्रदेश के प्रमुख जिलों में रात के साथ दिन के तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में बदलाव का यह दौर आगे भी जारी रहेगा। इसके साथ ही अगले 48 घंटों में उत्तरी राजस्थान में बादलों की आवाजाही के साथ एक बार फिर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने दो दिन बाद 11 जिलों में बारिश की चेतावनी दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राजस्थान में उत्तर-पूर्वी इलाकों में हुई हल्की बारिश के बाद मौसम में हल्की ठंडक बढ़ गई।

वहीं, 22 फरवरी से प्रदेश के श्रीगंगानगर, चूरू, सीकर, भरतपुर, अलवर, दौसा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, जयपुर और सवाई माधोपुर में बारिश की चेतावनी दी गई है। इससे प्रदेश में एक बार फिर तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

## रतनपुर पुलिस चौकी ने पकड़ा अवैध शराब से भरा ट्रक, 14 लाख के 195 कार्टन शराब के किये बरामद

### ट्रक चालक को किया गिरफ्तार, मूंगफली की आड़ में की जा रही थी तस्करी

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस की रतनपुर पुलिस चौकी ने अवैध शराब से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक से 195 कार्टन अवैध शराब के बरामद किये है. वही ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 14 लाख रुपए बताई जा रही है।बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर से शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चौकी ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान मुखबिर के बताये अनुसार रतनपुर पुलिस ने चौकी ने एक यूपी नम्बर के आइसर ट्रक को रुकवाया और चालक से ट्रक में भरे सामान के बारे में पूछा तो ट्रक चालक ने ट्रक में मूंगफली के कट्टे भरा होना बताया। लेकिन पुलिस को संदेह होने पर ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक में मूंगफली के कट्टों की आड़ में भारी मात्रा में शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया। वही पुलिस ने ट्रक से शराब के कार्टन उतरवाए और गिनती करने पर 195 कार्टन अवैध शराब के जब्त किये। जिनकी बाजार की कीमत करीब 14 लाख रुपए बताई जा रही है।

इधर पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए उत्तर प्रदेश झांसी निवासी चालक योगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस पूछताछ में आरोपी ट्रक चालक ने बताया कि उसे शराब से भरा हुआ ट्रक दिल्ली में सौंपा गया था जिसे अहमदाबाद पहुंचाना था। अहमदाबाद पहुंचने पर उसे बताया जाता कि ट्रक कहां खाली करना है ऐसे में शराब बेचने और खरीदने वाले की पड़ताल में पुलिस जुट गई है।

## सीबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**सीमलवाड़ा।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमलवाड़ा ने क्षेत्र की राउमावि झलाई , राउप्रावि अम्बाऊ ओर राप्रावि डामोर फला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । सीबीईओ लक्ष्मण कुमार डामोर ने शैक्षिक, सहशैक्षिक ओर भौतिक गतिविधियों की जानकारी ली। डामोर ने बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद कर बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बारे में विद्यार्थियों को प्रेरित कर अच्छे अंक लाने के टिप्स बताये । मिशन बुलंदी - पढ़ेगा डूंगरपुर बोलेगा डूंगरपुर के तहत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी की पुस्तकें इश्यू करने के निर्देश दिए। शाला रैंकिंग बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन, विभाग दारा आवंटित बजट का नियमानुसार समय पर व्यय करने, वर्कबुक कार्य, स्टार रीडिंग केम्पेन, क्विज, सफाई व्यवस्था, अध्यापक देनिन्दिनी सहित विद्यालय रिकॉर्ड संधारण आदि गतिविधियों की जानकारी ली और संस्थाप्रधानों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संस्थाप्रधान बालचंद डामोर, लालूराम डामोर, उदयसिंह डामोर, रमेशचंद्र पाटीदार , रोशन पाटीदार सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## डूंगरपुर जिले की विविध मांगों को बजट घोषणा में सम्मिलित करने पूर्व सांसद भगोरा ने लिखा सीएम को पत्र



**डूंगरपुर।** हरियाणा राज्य पीआरओ व पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख बजट घोषणा 2022-23 में डूंगरपुर जिले की विविध मांगो को सम्मिलित करने हेतु मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र प्रेषित किया है। पूर्व सांसद भगोरा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि चौरासी विधानसभा के रास्तापाल में भाजपा शासन में राप्रावि को बंद कर दिया गया जिसे पुनः शुरू करा नामांकरण शहीद कालीबाई, चीख़ली पंचायत समिति में वर्ष 2021-22 में बजट घोषणा में राजकीय महाविद्यालय चीख़ली की स्थापना हुई एवं वर्तमान में अस्थाई भवन में महाविद्यालय प्रारम्भ किया गया है जिसके भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है।

उन्होंने पत्र में बताया कि जन भावना के अनुरूप आदिवासी समाज मे शिक्षा की अलख जगाने वाली वीरबाला कालीबाई के गुरु शहीद नानाभाई खांट के नाम से किए जाने तथा राजकीय महाविद्यालय सीमलवाड़ा का भवन में निर्माणाधीन प्रक्रिया में है जिसका नामंकरण आदिवासी समाज मे व्यसन मुक्ति की अलख जगाने वाले सन्त सुरमाल के नाम से किया जाएं जिससे जनमानस में एक अच्छा सन्देश जाएगा। पूर्व सांसद भगोरा ने पत्र में चौरासी विधानसभा की मांगों को रखते बताया कि रास्तापाल में कालीबाई व नानाभाई के नाम पेनोरमा, वागड़ के अराध्य देव गुरु गोविंद पेनोरमा व सामुदायिक भवन, उदयपुर-बांसवाड़ा राज्य मार्ग संख्या 32 किलोमीटर 218 पर लसाडा पुल बारिश में बन्द हो जाता है ।

जिसे नवनी करण का बजट जारी करने, डूँगरपुर नेशनल हाइवे 927 माहीपुल जो डूँगरपुर-बांसवाड़ा को जोड़ता है जो पिछले 45 वर्ष पूर्व बना है वर्तमान में जर्जर हालत में है जिसके लिए बजट स्वीकृति,सीमलवाड़ा बॉयपास निर्माण कार्य एसएच 54 रास्ता से मांडली को जोड़ने वाला वात्रक नदी में हनुमानजी मन्दिर पुल निर्माण, गुजरात सीमा पर रास्ता नीलकंठ महादेव पर पुलिया निर्माण, भक्ति स्थल छाणी मंगरी में गोविंद गुरु भक्तों के विश्राम हेतु सामुदायिक भवन व पीठ-कुंआ-धरियावाद सड़क मार्ग हेतु बजट घोषणा में विषयो को ध्यान में रखते हुए घोषणा करने का आग्रह किया है।

## समानता मंच ने आसपुर उपखंड मुख्यालय पर दिया धरना

### सरकार से की टीएसपी क्षेत्र में रीट परीक्षा लेवल 2 को बहाल करने की मांग

**डूंगरपुर।** जिले में जय समानता मंच की ओर से टीएसपी क्षेत्र में रीट परीक्षा लेवल 2 की बहाली की मांग को लेकर आसपुर उपखंड मुख्यालय पर धरना दिया गया। वही जय समानता मंच ने एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन देकर टीएसपी क्षेत्र में रीट परीक्षा लेवल 2 को बहाल करने की मांग की है। समानता मंच के संरक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में समानता मंच के कार्यकर्ता व रीट परीक्षा लेवल 2 के टीएसपी क्षेत्र के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में आज आसपुर उपखंड मुख्यालय पर एकत्रित हुए और एसडीएम ऑफिस के बाहर टीएसपी क्षेत्र में रीट परीक्षा लेवल 2 को बहाल करने की मांग को लेकर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर समानता मंच के संरक्षक दिग्विजय सिंह ने धरने को संबोधित किया। अपने संबोधन में समानता मंच के संरक्षक दिग्विजय सिंह ने कहा की राज्य सरकार ने एसओजी की जाँच में बड़े स्तर पर रीट परीक्षा भर्ती में पेपर लीक होने के चलते रीट परीक्षा लेवल 2 की परीक्षा को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा की एसओजी की जांच में टीएसपी क्षेत्र में किसी भी प्रकार के पेपर लीक की बात सामने नहीं आई है। सरकार द्वारा लेवल 2 की भर्ती रद्द करने से पिछले 2 साल से रीट के लिए मेहनत कर रहे अभ्यर्थियो की मेहनत व भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने कहा की रीट भर्ती परीक्षा में टीएसपी क्षेत्र के लिए 2 हजार 580 पद अलग से जारी किये गए थे। टीएसपी क्षेत्र की भर्ती प्रकिया व सेवा नियम भी नॉन टीएसपी क्षेत्र से अलग है।

## जयपुर में 2 मासूमों का गला घोंटा,खुद फंदे पर लटकी

**जयपुर।** एक मां अपने दो बच्चों को मार कर खुद फंदे से झूल गई। घटना जयपुर के सोडाला थाना इलाके के फुटलिया बाग की है। रविवार रात 8 बजे हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल को मौके पर बुलाया गया। महिला की पहचान 37 वर्षीय कान्या देवी के रूप में हुई है। उसने अपने बेटे रोहित (12) और पवन (8 ) को मार डाला है। कान्या देवी का पति महावीर प्रसाद ऑटो चालक है। घटना के दौरान वह ऑटो ठीक कराने गया हुआ था। रविवार रात 8 बजे पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाया। कई बार प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। उसने महावीर प्रसाद को फोन किया। उसने बताया कि बच्चे और पत्नी कमरे में ही हैं। पड़ोसी ने कहा कि वह दरवाजा बजा रहा है, लेकिन कोई खोल नहीं रहा। इस पर पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर देखा तो कान्या देवी पंखे से झूल रही थी। बिस्तर पर दोनों बच्चों के शव पड़े थे। दोनों का गला घोटा गया था। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद एफएसएल और अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पवन और रोहित मानसिक विक्षिप्त थे। जन्म से ही बच्चों की दवाई चल रही थी।

साथ ही आर्थिक तंगी और गृह क्लेश भी इस घटना के पीछे का कारण हो सकता है। पुलिस सोमवार को मेडिकल बोर्ड से शवों का पोस्टमॉर्टम कराएगी। महावीर प्रसाद खुद का ऑटो चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। आज भी वह ऑटो ठीक कराने की बोल कर घर से निकला इस दौरान दोनों बच्चे और पत्नी घर पर ही थी। पड़ोसी की जानकारी के बाद जब महावीर घर पहुंचा तो पूरा परिवार खत्म देख कर टूट गया। स्थानीय लोगों ने उसे हिम्मत बंधाई।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय पुरानी पेंशन स्कीम लागू कराने शीघ्र करेगा चरणबद्ध आंदोलन

**सीमलवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला डूंगरपुर की बैठक डाइट डूंगरपुर में जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया की अध्यक्षता, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा के मुख्य आतिथ्य तथा संभाग संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार व जिला संगठन मंत्री राजेंद्र वरहात के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई।जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के बैठक के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की । बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा मनोनीत जिला संगठन मंत्री राजेंद्र वरहात का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया । प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा ने समस्त उपशाखा पदाधिकारियों से उपशाखाओं की बैठक आयोजित कर शिक्षक समस्याओं का संकलन कर उनके समाधान हेतु कार्य योजना तैयार करने एवं समय-समय पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु वार्ताएं करने पर ज़ोर दिया। संभाग संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार ने संगठन के समस्त दायित्व वान पदाधिकारियों से कर्तव्य के प्रति सजग रहने के साथ ही शिक्षक समस्याओं के प्रति गम्भीरता रखते हुए त्वरित निराकरण के प्रयास पर ज़ोर दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया की वर्तमान में मॉडल स्कूल मैं कार्यरत कर्मचारियों का वेतन का बजट समय पर नहीं मिल रहा है जिसके कारण वेतन व्यवस्था मैं समस्याएं आ रही है इस हेतु एकमुश्त बजट जारी करवाने उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया ज़ावे। साथ ही नोशनल परिलाभ के प्रकरण बकाया है उन शिक्षकों को इसका लाभ शीघ्र मिल सके इस हेतु अधिकारियो से वार्ता कर इसका निराकरण करवाया जाए । जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया ने राज्य बीमा एवं प्रावधाई निधि के खातों में कुछ शिक्षकों के खातों में जमा राशि का समायोजन नहीं हो पाया है। इस इस हेतु संगठन शीघ्र ही सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता करेगा। साथ ही नई पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम हेतु चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित करने का ऐलान किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने शिक्षकों के डिग्री सत्यापन, स्थाईकरण तथा एसीपी प्रकरण का निस्तारण समय पर पूर्ण नहीं होने पर रोष प्रकट किया तथा शीघ्र ही इस हेतु जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट करने पर ज़ोर दिया। सभाध्यक्ष वासुदेव रोत, भारत सिंह राणावत, राजेंद्र सिंह चौहान, महिला उपाध्यक्ष कांता रोत, उज्जवल सिंह शक्तावत, हितेश उपाध्याय, दिनेश मीणा, भरत पाटीदार, जगदीश शर्मा, अमृत लाल पाटीदार, कल्पेश मेहता, डायालाल कलाल, बलवंत डामोर, राकेश पंड्या, लोकेश लबाना, सुदर्शन सिंह चौहान, अक्षय रावत आदि पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने किया तथा महिला उपाध्यक्ष कांता रोत ने आभार व्यक्त किया।

## लापता बुजुर्ग का खुद के कुंए में मिला शव

### तीन दिन से था लापता, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के मांडवा गांव में लापता बुजुर्ग का उसी के कुए में शव मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। बुजुर्ग तीन दिन से घर से लापता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है । बिछीवाडा थाने की कनबा पुलिस चौकी के प्रभारी पोपट लबाना ने बताया की मांडवा गाँव निवासी अनिल पिता हीरा सोलविया ने रिपोर्ट देकर बताया की 17 फ़रवरी की शाम को वह गामडी देवल में एक शादी में खाना बनाने के लिए काम पर गया था। इस दौरान पीछे उसके पिता हिरा सोलविया घर पर बिना बताये कही चले गए थे। इसके बाद अगले दिन जब वह घर आया थो उसकी माँ ने इस सम्बन्ध में उसको जानकारी दी। अनिल ने बताया की इससे पहले भी उसके पिता दो तीन बार घर से बिना बताये कही चले गए थे और वापस आ गए थे जिसके चलते उन्होंने उनकी तलाश नहीं की। लेकिन आज अनिल की माँ उनके कुए पर पानी लेने गई तो कुए में उसकी माँ ने एक शव तैरता हुआ देखा जिस पर उसने मामले की जानकारी अपने बेटे अनिल को दी। अनिल ने कुए पर आकर देखा और शव की पहचान अपने पिता हिरा के रूप में की।

जिस पर अनिल ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर बिछीवाडा थाने की कनबा पुलिस चौकी के प्रभारी पोपटलाल लबाना मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वही पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुए से बाहर निकलवाया और जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मृतक के बेटे अनिल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।